संगरिया के दो संस्थानों से चार हजार लीटर देसी घी जब्त, सैम्पल लिए

हनुमानगढ़, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग हनुमानगढ़ ने खाद्य सुरक्षा विभाग की जयपुर से आई टीम के साथ मिलकर संगरिया में प्रथमदृष्टया अमानक पाये जाने वाले देसी घी की सप्लाई करने वाले दो व्यापारियों के संस्थानों पर औचक कार्रवाई कर देसी घी के सैम्पल एकत्रित किए। यह कार्यवाही शुक्रवार देर रात की गई, जिसमें तीन ब्रांडों का लगभग 4 हजार लीटर देसी घी सीज किया गया।

कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग के

■ वातुला एवं ओम कृष्णा ब्रांड के देसी घी का सैम्पल लेकर जयपुर एवं बीकानेर की खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाया

ज्वाइंट कमिश्नर डॉ. एस. एन. धोलपुरिया, हनुमानगढ़ सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, जयपुर से आई खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग, डीपीसी (आईईसी) मनीष शर्मा, सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़, खाद्य सुरक्षा विभाग के कमिश्नर इकबाल खान एवं हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में शुक्रवार देर रात संगरिया में बालाजी सेल्स एजेंसी एवं ममता एजेंसीज का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर डॉ. एस. एन. धोलपुरिया के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में दोनों संस्थानों में काफी मात्रा में देसी घी बरामद हुआ।

प्रथमदृष्टया अमानक प्रतीत होने वाले घी का जयपुर से आई टीम ने सैम्पल संग्रहित किया। इसमें बालाजी सेल्स एजेंसी से वातुला ब्राड के घी का सैम्पल लिया गया एवं 550 लीटर घी जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त ममता एजेंसीज से वास्तु एवं ओम कृष्णा ब्रांड के देसी घी का सैम्पल भरा गया एवं 3362 लीटर देसी घी सीज किया गया। दोनों सैम्पल को जांच के लिए जयपुर एवं बीकानेर की खाद्य प्रयोगशाला में भिजवा दिया गया।

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की है कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्य स्तरीय व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर दें ताकि जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैम्पल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।

जयपुर से आई टीम ने संगरिया में बालाजी सेल्स एजेंसी एवं ममता एजेंसीज का औचक निरीक्षण किया।

संगरिया में ममता एजेंसीज से वास्तु एवं ओम कृष्णा ब्रांड के देसी घी का सैम्पल लिया।

सीसां भैरव मेला कल भरेगा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर से 45 किमी दूर कोलायत तहसील के सीसां गांव में पारीक समाज के प्रतिष्ठित सीसां भैरवनाथ का 03 दिवसीय मेले का आगाज रविवार को पदयात्रियों की रवानगी से होगा।

मंदिर सीसां भैरव सेवा समिति के सचिव रमेश पांडिया ने बताया कि सीसा गांव स्थित भैरव मंदिर के प्रांगण में 16 सितम्बर को मेला भरेगा। रविवार को बीकानेर शहर के पारीक चौक, जस्सूसर गेट, पाबूबारी, गोगागेट, व शहर के अन्य अलग-अलग हिस्सों से तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पैदल यात्रियों के जत्थे रवाना होकर श्री सीसां गांव पहुंचेंगे। पैदल यात्रियों के लिये रास्ते में करमीसर, बच्छासर, कोलासर व अक्कासर में चाय, दूध, कॉफी, नाश्ता, दवाई यादि की निःशुल्क व्यवस्था विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा की जायेगी। 16 सितम्बर को भरे जाने वाले मेले में बीकानेर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से अपने-अपने वाहनों एवं ऊंटगाड़ों से भैरव भक्त पहुंचेंगे।

पारीक चौक व जस्सूसर गेट क्षेत्र से बसों की व्यवस्था भी की गई है। इनके माध्यम से भी भारी संख्या में भैरों भक्त सीसां भैरव मंदिर पहुंचेंगे। इस अवसर पर मंदिर में नव दम्पतियों व नवजात शिशुओं के जात-जडूले उतारे जायेंगे। मेले के दिन भैरूनाथ का विशेष श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन होगा। उसके बाद महाप्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं में किया जायेगा। समिति सचिव रमेश पाण्डिया ने मेला स्थल पर शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन से पुख्ता व्यवस्था करवाने की मांग की है।

सार-समाचार

'रक्तदान का कोई विकल्प नहीं'

श्रीडूंगरगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की विधायक ताराचंद सारस्वत ने होसला अफजाई की।

बीकानेर, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ की डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल वेलफेयर ट्रस्ट एवं ईमाम हुसैन फिक्र ए मिल्लत सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक ताराचंद सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। विधायक ने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। यह वास्तव में समाज सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान को दुनिया का सबसे बड़ा दान बताया और कहा कि इसके लिए प्रेरित करने वाली संस्थाएं भी साधुवाद की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। इसे किसी फैक्ट्री में बनाया जा सकता। इसलिए हमें रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद जगदीश गुर्जर, महेश राजोतिया, सोसायटी के अध्यक्ष रोशन अली, सचिव आमिर खान अनेक लोग मौजूद रहे।विधायक पहुंचे पीबीएम अस्पताल, दुर्घटना में हुए घायलों की कुशलक्षेम पूछी। विधायक ताराचंद सारस्वत ने पीबीएम अस्पताल पहुंचकर, शुक्रवार रात्रि नोरंगदेसर के पास हुई कार दुर्घटना में घायलों व उनके परिजनों का कुशलक्षेम जानी। इस दर्दनाक हादसे में श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दो व्यक्तियों का दुर्घटना स्थल पर ही निधन होने पर उनके परिवाजनों को ढांढस बंधाया। विधायक सारस्वत ने घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से की।

नोखा में स्वर्ण जयंती समारोह

नोखा, (कासं)। धर्म नगरी नोखा में रचनात्मक आध्यात्मिक आयोजन का एक अनूठा अवसर उपस्थित हो रहा है। युग प्रधान आचार्य महाश्रमण की आज्ञा से विलक्षण दीक्षा उत्सव, शासन गौरव साध्वी राजीमती द्वारा 16 सितंबर को प्रातः 9 बजे महावीर चौक तेरापंथ भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में विशाल जन मेदनी के समक्ष कठोर संयम और परिग्रह त्यागने की प्रेरणा दी जायेगी। मीडिया प्रभारी इंदरचंद बैद ने बताया कि इस अवसर पर 14 सितंबर को रात 8 बजे प्रसिद्ध गायक कार मीनाक्षी भूतोडिया द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके अगले दिन, 15 सितम्बर को प्रातः 6:15 बजे भव्य शोभायात्रा वरघोड़ा का आयोजन विभिन्न मार्गों से किया जायेगा। तेरापंथ सभा का स्वर्ण जयंती समारोह 'सिंहावलोकन प्रेरणा पाथेय सम्मान गति प्रगति' के तहत 9 बजे से प्रारंभ होगा। 16 सितम्बर को आयोजित जैन भागवती दीक्षा समारोह आंचलिया परिवार द्वारा अद्भुत गौरवशाली भव्यता के साथ होगा, जो नोखा में इतिहास में पहली बार संपन्न होगा। तेरापंथी सभा के अध्यक्ष शुभकरण चौरडिया, मंत्री मनोज घीया, उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़ और अन्य वरिष्ठ सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात प्रयासरत हैं। धर्मनगरी नोखा में एक धर्म मय माहौल निर्मित हो गया है और बाहर से अनेक गणमान्य महानुभाव इस विशेष अवसर पर नोखा पहुंचेंगे। यह आयोजन सभी के लिए एक अनमोल अनुभव प्रदान करेगा और भौतिकता की चकाचौंध में संयम के महत्व को उजागर करेगा।

शोभायात्रा के लिए टीमें गठित

श्रीगंगानगर, (कासं)। महाराजा अग्रसेन जयंती पर सप्ताह भर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अग्रवाल सेवा समिति ने इस बार शोभायात्रा में समाज के लोगों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वार्ड वाइज टीमें गठित की हैं। महामंत्री रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि समिति अध्यक्ष बंशीधर जिंदल की अध्यक्षता में स्थानीय नई धानमंडी में मेघराज जिंदल स्मृति भवन (ट्रेडर्स एसोसिएशन) में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा में समाज की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहर के सभी वार्डों के लिए टीम बनाई जाएं। शोभायात्रा 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे पब्लिक पार्क से शुरू होगी जो बाजार तथा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए नई धानमंडी में श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी। इस कड़ी में जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अध्यक्ष बंशीधर जिंदल ने रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत 25 सितम्बर को रंगोली प्रतियोगिता से होगी। इसके बाद 26 सितम्बर को मेहंदी रचना, 27 सितम्बर को नृत्य प्रतियोगिता, 28 सितम्बर को चित्र रंग भरो प्रतियोगिता और 29 सितम्बर को जूनियर और सीनियर वर्ग की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 29 सितम्बर को 'अग्रवाल समाज राजनीतिक और सामाजिक स्थिति' पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर की शाम को सामूहिक सहभोज होगा।

जलझूलनी एकादशी पर शोभायात्रा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों से सुदामानगर के खाटू श्याम धाम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। इन शोभायात्रा में शामिला लोग नाचते गाते बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे और बाबा को धोक लगाकार सभी के कल्याण की मन्नतें मांगी। मंदिर खुलने के समय सुबह करीब पांच बजे से लोग मंदिर के गेट पर दर्शन के लिए खड़े थे। सुबह करीब सात बजे से शहर के दुर्गा मंदिर मार्केट से शोभायात्रा रवाना हुई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए खाटू श्याम धाम मंदिर पहुंची। बाबा की झांकी बग्घी पर सजाकर इसे मंदिर तक लाया गया। हाथों में ध्वजाएं लिए ये लोग बाबा के मंदिर पहुंचे। सुबह करीब दस बजे से शोभायात्रा पहुंचने का क्रम शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि दोपहर तक मंदिर में शहर की करीब दस कॉलोनियों से शोभायात्राएं पहुंच चुकी थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। शनिवार रात को कीर्तन होगा। रविवार को वामन द्वादशी के उपलक्ष में खीर चूरमे का भोग लगाया जायेगा।

सुकन्या समृद्धि के खाते खोले

बीकानेर, (कासं)। डागा चौक स्थित एलिक्जिर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाने का विशेष शिविर आयोजित किया गया। बीकानेर डाक विभाग के मंडल कार्यालय की सहायक अधीक्षक खुशबू राठी के नेतृत्व में जस्सूसर गेट पोस्ट ऑफिस की पोस्टमास्टर कीर्ति गोस्वामी, जनसंपर्क अधिकारी दिलीप सिंह, गणेश दत्त पारीक तथा अभिकर्ताओं के सहयोग से सुकन्या समृद्धि के खाते खोले गए। शिविर में स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को डाकघर की विभिन्न प्रकार की बचत खाता योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं सहित आस-पास के क्षेत्र की बालिकाओं के भी सुकन्या खाते खोले गए।

हाईकोर्ट से लालगढ़ आरओबी के निर्माण की अनुमति मिली

बीकानेर,(कासं)। आखिरकार लालगढ़ आरओबी निर्माण के बीच आ रही सारी बाधाएं दूर हो गई। अब नवरात्रि से आरओबी निर्माण शुरू हो सकता है। हाईकोर्ट ने एक दिन पहले ही निर्माण की अनुमति दे दी है।

अब आरएसआरडीसी को टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप देना है जो करीब 15 दिन में पूरा हो जायेगा। संबंधित फर्म को भी 6 से 8 महीने के भीतर आरओबी पूरा करने के लिए पाबंद किया जायेगा। दरअसल 83 करोड़ की लागत से 830 मीटर लम्बे आरओबी के निर्माण में अभी भी करीब 300 मीटर काम बाकी है। 2017 के आसपास ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने इसके निर्माण की स्वीकृति दी थी। ये वो रास्ता है जहां पूगल और खाजूवाला से आने वाले वाहन मंडी तक आते हैं या जोधुपर-जयपुर बाईपास और श्रीगंगानगर रोड की तरह वाहनों को जाने में आसानी होती थी। इसके अलावा रामपुरा, मुक्ताप्रसाद

■ रोक हटी, अब नवरात्रि से आरओबी का निर्माण शुरू हो सकता है

की ओर जाने का आसान रास्ता भी यही है। 2020 दिसम्बर तक इसे पूरा करना था। ब्रिज ना बनने के कारण इस रोड़ की पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है।

पैदल चलना भी दूभर हो गया। यूं कहें लालगढ़ रामपुरा वालों के लिए रास्ता ही अब गजनेर रोड होकर आने जाने के लिए बचा है।

2022 में जब वापस निर्माण शुरू हुआ तो एक निजी बिल्डिंग आरओबी के बीच आई। वो पार्टी मुआवजे को लेकर न्यायालय पहुंचा। उसके बाद वहां से रोक लग गई। हाल ही में वो मामला सुलझ गया। न्यायालय पहुंची पार्टी को अन्यत्र एक भूखंड दिया गया। यूआईटी ने भूखंड दिया और यूआईटी को भूखंड के बदले अब आरएसआरडीसी पैसा देगी। इसके बाद ही आरएसआरडीसी न्यायालय पहुंची कि मामला सुलझ गया और आरओबी निर्माण की रोक हटाई जाए। दो तारीखों में सुनवाई का नंबर नहीं आया मगर एक दिन पहले ही सुनवाई हुई और रोक हट गई।

इस आरओबी को बनाने के लिए 83 करोड़ का टेंडर हुआ था। 830 में से 300 मीटर का काम बाकी है। 300 मीटर हिस्से को पूरा करने के लिए 29 करोड़ का नया टेंडर हुआ था क्योंकि पिछली फर्म काम छोड़कर चली गई थी। इस फर्म का भी टेंडर 6 महीने पूरे हो गए। उसके बाद इसका कार्यकाल भी बढ़ाया गया।

आरएसआरडीसी की कोशिश है कि इसी फर्म से काम कराया जाए ताकि होली तक आरओबी का उद्घाटन हो सके। आरएसआरडीसी के पास आरओबी निर्माण के साथ ही ब्रिज के नीचे भी सड़कें बनाने की जिम्मेदारी है।

वैश्यावृत्ति के आरोप में गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने देर रात छापा मारकर शहर के एक होटल से तीन युवतियों और तीन युवकों को वैश्यावृति के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को शहर के एक होटल में युवक और युवतियों के संदिग्ध हालत में होने की सूचना मिली थी। इस पर एएसपी सिटी बी. आदित्य के नेतृत्व में टीम मौके पर भेजी गई।

पुलिस टीम ने यहां पहुंचकर बोगस ग्राहक के जरिए होटल में अनैतिक काम होने की पुष्टि की। जब पुलिस का शक पुख्ता हो गया तो पुलिस ने होटल पर कार्रवाई कर दी। मौके से तीन युवतियों के साथ तीन युवकों गुरमन सिंह, विक्की मोंगा और शिवराज को पकड़ा है। इन लोगों के पास से पुलिस ने 23 हजार 900 रूपए बरामद किए हैं। पुलिस को पिछले कई दिन से इस इलाके के होटल में अनैतिक काम होने की शिकायतें मिल रही थीं। रात पुलिस को इस बारे में सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर कार्रवाई कर दी।

किन्नू बगीचे के मालिक शौकत के घर फायरिंग

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के एसएसबी रोड पर गली नंबर नौ में दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने एक मकान पर फायर कर दिया। गोली मकान की खिड़की के शीशे से लगी और शीशे के आगे लगी जाली से टकरा गई। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

वारदात किन्नू के बगीचे के मालिक शौकत पुत्र इब्रे हैदर के घर हुई। घर में परिवार के लोग थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने घर के बाहर से गुजरते हुए मकान पर फायर कर दिया। गोली शौकत के मकान के बाहर चारदीवारी के आगे लगी खिड़की से जा टकराई। इससे खिड़की का शीशा टूट गया और गोली इससे आगे लगी जाली से जा टकराई।

मामला फिरौती से जुड़ा है। शौकत के मामा वकार अली ने बताया कि शौकत को इससे पहले भी दो से तीन बार फिरौती के लिए फोन आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनसे करीब एक से दो करोड़ रूपए की फिरौती मांगी जा

■ मोटरसाइकिल पर आये दो युवकों ने फायर किया, गोली मकान की खिड़की के शीशे पर लगी

■ मामला फिरौती से जुड़ा है, पहले भी दो तीन बार फोन आ चुके थे

रही है। उनका परिवार यह फिरौती देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कारण उन्होंने इन धमकियों पर ध्यान नहीं दिया। इसी दौरान शुक्रवार दोपहर दो अज्ञात युवकों ने मकान पर फायर कर दिए। जवाहर नगर एसएचओ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि एसएसबी रोड पर दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मकान पर एक राउंड फायर किया है। आरोपियों के बारे में पता लगाने के लिए पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।

ग्रामीणों ने जल संरक्षण करने की ली शपथ

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशों की अनुपालना में शनिवार को राजस्थान जल महोत्सव-2024 का आयोजन शिवपुर हैड, फतूही पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों सहित उपस्थितजनों द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गई।

जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता (दक्षिण खंड) अजीत गजराज ने बताया कि कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त पीएचईडी, जल ग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, राजीविका सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में शिवपुरी फ़तूही के सरपंच, जल उपयोक्ता संगम

■ विद्यार्थियों ने रैली से दिया जल संरक्षण का संदेश

अध्यक्ष एवं गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थितजनों द्वारा जल संरक्षण करने एवं पेड़-पौधों को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें संरक्षित करने शपथ ली गई। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालते हुए जल संरक्षण के संबंध में जागरूकता का संदेश दिया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है। इसलिए जल का संरक्षण आवश्यक है। हमें जल को दूषित होने से बचाना चाहिए।

'हिन्दी काव्य रत्न' उपाधि से सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. कांता मीना को नेपाल के लुंबिनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक महत्व की गौरवशाली हिन्दी दिवस अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता कार्यक्रम में शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु व सचिव चरना कौर द्वारा 'हिन्दी काव्य रत्न' मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में नेपाल,भारत, अमेरिका, कनाडा तथा तंजानिया आदि देशों के 6742 महिला व पुरूष रचनाकारों की सहभागिता थी। जिसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया है। डॉ. मीना देश भर के विभिन्न समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं में लगातार लेखन कार्य कर रही है।

रेलवे की कोहरे से निपटने की तैयारी अभी से शुरू

बीकानेर, (कासं)। रेलवे ने सर्दी के मौसम में घने कोहरे से निपटने की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। दीपावली निकलने के बाद प्रतिदिन चलने वाली कुछ गाडियों को कोहरे के कारण सप्ताह में एक दिन रद्द करने की घोषणा कर दी है।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने अजमेर-अमृतसर-अजमेर द्वि साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह में दो-दो दिन के लिए रद्द कर दिया है। वहीं दो जोड़ी ट्रेनों के फेरों में कमी कर दी है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार कोहरे के कारण प्रत्येक दिन चलने वाली लालगढ़-डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस का प्रत्येक सप्ताह एक-एक फेरा घटा दिया गया है। वहीं अजमेर-सियालदाह-अजमेर एक्सप्रेस का भी एक-एक फेरा घटा दिया गया है।

■ दीपावली निकलने के बाद प्रतिदिन चलने वाली कुछ गाडियों को कोहरे के कारण सप्ताह में एक दिन रद्द करने की घोषणा कर दी है

इसी तरह अजमेर-अमृतसर-अजमेर एक्सप्रेस को सप्ताह में दो-दो दिन के लिए रद्द कर दिया गया है।

गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस जो डिब्रूगढ़ से रवाना होती है। सर्दियों में घने कोहरे के कारण यह ट्रेन 7 दिसम्बर 24 से 22 फरवरी 25 तक प्रत्येक शनिवार को नहीं चलेगी। इस दौरान इस ट्रेन के 12 फेरे रद्द होंगे। ऐसे में यह गाड़ी सोमवार से शुक्रवार को नियमित रूप से चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगी।

इस गाड़ी के 10 दिसम्बर से 25 फरवरी तक 12 फेरे रद्द रहेंगे। इस अवधि में अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस के सप्ताह में तीन दिन नहीं चलेगी। यह गाड़ी मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को नहीं चलेगी। वहीं सियालदाह-अजमेर द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस बुधवार, शुक्रवार को रविवार को नहीं चलेगी। अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस सप्ताह में गुरू और शनिवार को नहीं चलेगी। इसी तरह अमृतसर-अजमेर ट्रेन शुक्रवार और रविवार को रद्द कर दिया है। यह ट्रेनें 5 दिसम्बर से 28 फरवरी तक रद्द रहेगी।

असद दृष्टि का त्याग कर सद दृष्टि को अपनाएं : आचार्य जिन पीयूष सागर

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में रविवार को सुबह नौ बजे से रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में बच्चों का संस्कार शिविर आयोजित किया जायेगा। देश के विभिन्न इलाकों से आये करीब 100 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने शनिवार को आचार्य के दर्शन-वंदन कर वर्षभर में भूलों की क्षमापना की।

आचार्य ने धर्म चर्चा में कहा कि असद दृष्टि व ममत्व का त्याग कर सद् दृष्टि अपनाएं। असद दृष्टि रखने वाले कभी आत्मा व परमात्म का साक्षात्कार नहीं कर सकत। मेरा है सो मेरा, तेरा सो तेरा नियम की पालना करें। मेरा सो मेरा व तेरा सो मेरा की भावना नहीं रखें। असद दृष्टि मान कषायों को पुष्ट करती, पाप कर्म को जन्म देती है। अपनों व अपनापन से व मानव और मानवता,

सुगनजी महाराज के उपासरे में धर्म चर्चा को आचार्य जिन पियूष सागर सूरिश्वर ने संबोधित किया।

उपकार व परोपकार से दूर करती है। हमें अपने उदर पूर्ति के साथ दूसरों के भी हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य, व्यवहार व व्यापार करना चाहिए। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने कहा कि बड़े-बड़े व्यापारिक मॉल, ऑनलाइन व्यापार अनेक लोगों के रोजगार को छीन रहे है। इन माल व ऑन लाइन से खरीदारी करने वाले सब्जी व अन्य उपयोगी सामग्री बेचकर दो जून की रोटी कमाने वाले के हितों पर कुठाराघात करते हुए पाप कर्म का

■ करीब 100 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने शनिवार को आचार्य के दर्शन-वंदन कर वर्षभर में भूलों की क्षमापना की

बंधन बांधते है। जिन शासन प्राणी मात्र के हितों की रक्षा का संदेश देता है। हमें दूसरों के हितों को छीनकर अपने हित की पूर्ति नहीं करना चाहिए। रविवार को सुगनजी महाराज के उपासरे में होने वाले बाल संस्कार शिविर में बच्चों को नैतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आचार्य, मुनि व साध्वीवृंद 17 सितम्बर को उदयरामसर जाएंगे।

किसान सभा का अधिवेशन आज

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान किसान सभा का जिला सम्मेलन रविवार को लूणकरनसर तहसील के हंसेरा गांव में आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में राजस्थान किसान सभा के प्रदेश महामंत्री कॉ. कैलाश गहलोत सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि नरेन्द्र आचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान किसान सभा जयपुर तथा विशिष्ट अतिथि अविनाश चन्द्र व्यास जिला सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ नेता अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) बीकानेर, प्रसन्न कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) बीकानेर, अब्दुल रहमान कोहरी महामंत्री अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) सरजू गहलोत महासचिव नौजवान सभा सहित राजस्थान किसान सभा की बीकानेर जिले की बीकानेर व लूणकरनसर, छतरगढ़, कोलायत तहसील सहित अनेक गांवों की शाखाओं के प्रतिनिधि शिकरत करेंगे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3849 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.08.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 78 के किला नं. 02 में माप 25 इन्दू 50 फीट भूखण्ड संख्या डी-05, बालाजी एस्टेट, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 9397 दिनांक 18.02.2019 को श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री लाधूराम के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती पुनम कुमारी पत्नी श्री प्रमोद कुमार निवासी वार्ड नं. 6, सरदारपुरा बीका, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.06 2024 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छ्रया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर